"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 16]   रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 17 अप्रैल 2015—चैत्र 27, शक 1937

विषय—सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं, (2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) छत्तीसगढ़ विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद में पुर:स्थापित विधेयक, (ख) (1) अध्यादेश, (2) छत्तीसगढ़ अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम, (ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 24 मार्च 2015

क्रमांक एफ 7-25/2014/एक/15.—राज्य शासन एतद्द्वारा श्री अमरनाथ प्रसाद, वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल कांकेर को दिनांक 04-04-2015 से 10-04-2015 तक कुल 07 दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 02-03 अप्रैल तथा दिनांक 11-12 अप्रैल 2015 के राजपत्रित अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री प्रसाद, वनमण्डलाधिकारी, वनमण्डल कांकेर के पद पर पुन: पदस्थ होंगे.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2015.

3. अवकाश अवधि में श्री प्रसाद को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रसाद अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मुकुन्द गजभिये, अवर सचिव.

श्रम विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10–2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

सफाई कर्मकार के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "सफाई कर्मकार के बच्चे हेतु छात्रवृत्ति योजना" होगा.

1.2 परिवार की दो संतानों की सीमा के अध्याधीन रहते हुए पंजीकृत सफाई कर्मकारों की ऐसी समस्त पुत्र/पुत्री जिन्होंने निम्न लिखित परीक्षाओं में से कोई भी परीक्षा उत्तीर्ण की हों अथवा व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में अर्हता प्राप्त कर संबंधित व्यवसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर लिया हो.

1.3 प्रत्येक कक्षा व पाठ्यक्रम के समक्ष उल्लेखित "छात्रवृत्ति" राशि एक मुश्त देय होगी :—

क्र.	कक्षावार विवरण	वार्षिक छात्रवृत्ति राशि	
		छात्र	छात्रा
(1)	(2)	(3)	(4)
i	कक्षा 1 से 5 तक	1,000	1,500
ii	कक्षा 6 वीं से 8 वीं	1,500	2,000
iii	9वीं से 12वीं	2,000	3,000
iv	स्नातक कक्षा जैसे बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम/डिप्लोमा आदि	5,000	6,000
v	स्नातकोत्तर कक्षा जैसे एम. ए./एम. एस. सी./एम. कॉम./ स्नातकोत्तर डिप्लोमा आदि.	7,000	8,000
vi	स्नातक स्तर की व्यावसायिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत होने पर	10,000	11,000
vii	स्नातकोत्तर स्तर की व्यावसायिक परीक्षा में अध्ययन, पी.एच.डी. या शोध कार्य करने पर.	14,000	15,000

1.4 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 पंजीकृत सफाई कर्मकारों के अध्ययनरत दो पुत्र/पुत्रियों को उपरोक्त तालिका अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जावेगी.

2.2 यांत्रिकी या चिकित्सा शिक्षा हेतु महाविद्यालय/पॉलीटेक्निक अथवा अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश पश्चात् इस योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति राशि प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं की उस पाठ्यक्रम में न्यूनतम एक वर्ष के अध्ययन की अनिवार्यता होगी, एक वर्ष के बीच सत्र में अध्ययन रोक देने की स्थिति में छात्रवृत्ति की राशि वापस जमा करनी होगी.

2.3 ऐसा छात्र/छात्रा यदि अन्य शासकीय विभाग/संस्था की किसी योजनांतर्गत छात्रवृत्ति राशि प्राप्त करने की पात्रता रखता है तो वह किसी एक योजना का चयन कर सकता है, जो उसके लिए हितकर/लाभप्रद हो, किन्तु किसी भी परिस्थिति में वह दो योजनाओं का एक साथ लाभ नहीं उठा सकता है.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—** योजना के अंतर्गत सफाई कर्मकारों के पुत्र/पुत्रियों के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय के संस्था प्रमुख/प्राचार्य से सत्यापन कर प्रस्तुत करेगा.

4. **भुगतान की प्रक्रिया :—**संबंधित सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत राशि पात्र छात्रों के उनके स्वयं के खाते में अथवा उनके माता-पिता के खाते में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा.

5. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10-2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

सफाई कर्मकार के पुत्र/पुत्री हेतु विशेष कोचिंग योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "सफाई कर्मकार के पुत्र/पुत्री हेतु विशेष कोचिंग योजना" होगा.

1.2 कक्षा 10वीं एवं उससे उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत् पुत्र/पुत्री (दो संतानों) को इंजीनियरिंग, चिकित्सा, सी.ए. एवं एम.बी.ए. अथवा अन्य व्यवसायिक शिक्षा में प्रवेश हेतु विशेष कोचिंग हेतु लगने वाला शुल्क मंडल द्वारा देय होगा.

1.3 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 योजना के अंतर्गत पंजीकृत सफाई कर्मकारों के पुत्र/पुत्री को लाभ की पात्रता होगी.

2.2 ऐसा छात्र/छात्रा यदि अन्य शासकीय विभाग/संस्था की किसी योजनांतर्गत सहायता प्राप्त करने की पात्रता रखता है तो वह किसी एक विभाग/संस्था के योजना का चयन कर सकता है, जो उसके लिए हितकर/लाभप्रद हो, किन्तु किसी भी परिस्थिति में वह दो विभागों/संस्थानों के योजनाओं का एक साथ लाभ नहीं उठा सकता है.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—** योजना के अंतर्गत सफाई कर्मकारों के पुत्र/पुत्रियों के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

4. **स्वीकृति का अधिकार :—** पात्रता की जांच उपरांत स्वीकृति का अधिकार संबंधित जिले के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी को होगा.

5. **भुगतान की प्रक्रिया :—**जिले में पदस्थ सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा छात्र-छात्रा के स्वयं के खाते में अथवा उनके माता-पिता के खाते में राशि जमा किया जावेगा.

6. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10–2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

सफाई कर्मकार बाह्य रोगी चिकित्सा सहायता योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "सफाई कर्मकार बाह्य रोगी चिकित्सा सहायता योजना" होगा.

1.2 पंजीकृत सफाई कर्मकार अथवा उनके परिवार के सदस्य को स्वास्थ्य परीक्षण सहायता राशि रुपये 2,000/– तक चिकित्सा सहायता दवाई क्रय हेतु वर्ष में प्रदाय की जावेगी.

1.3 उक्त भुगतान शासकीय चिकित्सालय/औषधालय के चिकित्सक द्वारा प्रमाणित देयक पर (ऐसे देयक उन्हीं दवाओं के लिए होंगे जो शासकीय चिकित्सालय/औषधालय में उपलब्ध नहीं हो) तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के द्वारा अधिकृत समस्त चिकित्सालयों के देयकों पर सफाई कर्मकारों के बाह्य रोगी चिकित्सा के तहत् स्वास्थ्य परीक्षण हेतु भुगतान किया जावेगा.

1.4 परिवार के सदस्य से तात्पर्य पति, पत्नी, पुत्र–पुत्री (पुत्र जिसकी आयु 21 वर्ष से कम हो एवं अविवाहित पुत्री).

1.5 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 18 से 60 वर्ष के सफाई कर्मकार एवं उनके परिवार के सदस्य (पति, पत्नी, पुत्र एवं पुत्री) जिनका उल्लेख पंजीयन कार्ड में है, इस योजना के लिए पात्र होंगे. योजना का लाभ दो संतान तक ही मिलेगा.

2.2 योजना का लाभ राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से प्राप्त कर रहा है, तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

3.1 सफाई कर्मकार की चिकित्सा सहायता हेतु आवेदन स्वत: द्वारा हस्ताक्षरित संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

3.2 आवेदन पत्र की जांच करने पर सही पाये जाने की स्थिति में संबंधित श्रम कार्यालय द्वारा अनुशंसा कर अनुग्रह राशि आवेदक के खाते में जमा करेगा.

4. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10–2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

सफाई कर्मकार पुत्र/पुत्री सायकल सहायता योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "सफाई कर्मकार पुत्र/पुत्री सायकल सहायता योजना" होगा.

1.2 योजना के अंतर्गत प्रदेश के पंजीकृत सफाई कर्मकार के पुत्र-पुत्री (दो संतान तक) को यदि वे शाला/विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् है तथा यदि उन्हें शिक्षा विभाग के सायकल सहायता योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, को सायकल सहायता प्रदाय किया जावेगा.

1.3 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 यह योजना सफाई कर्मकार जो प्रदेश के किसी भी जिले में पंजीकृत हो के पुत्र-पुत्री (दो संतान तक) को प्रदाय किया जावेगा.

2.2 योजना का लाभ राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से प्राप्त कर रहा है, तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

3.1 आवेदक/आवेदिका के स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन करने पर.

3.2 आवेदन में असंगठित कर्मकार का पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.

3.3 आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

4. **योजना का लाभ प्रदाय करने की प्रक्रिया :—** संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा प्रकरण स्वीकृति उपरांत सी.एस.आई.डी.सी. द्वारा निर्धारित दर अनुसार साईकिल के मूल्य का भुगतान आवेदक के खाते में जमा कराया जायेगा.

5. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10-2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "सफाई कर्मकार प्रसूति सहायता योजना" होगा.

1.2 योजना के अंतर्गत महिला कर्मकार को गर्भधारण के प्रथम तिमाही (तीसरे माह में) रुपये 4,200/- एवं तृतीय तिमाही (आठवें माह में) रुपये 2,800/- प्रसूति लाभ एवं दो सप्ताह के पितृत्व अवकाश के एवज में रुपये 3,000/- की सहायता पुरुष कर्मकार को बच्चे के जन्म के बाद देय होगी.

1.3 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होगा.

1.4 प्रसूति सहायता योजना अधिकतम दो बार के प्रसव हेतु ही देय होगी.

1.5 प्रसूति के दौरान हिताधिकारी महिला कर्मकार की मृत्यु हो जाने पर उसकी मृत्यु की तिथि तक का प्रसूति सहायता योजना एवं प्रसूति चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति का भुगतान उसके उत्तरजीवी परिवार के सदस्यों पति (पूर्ण राशि) पुत्र/पुत्री एक से अधिक उत्तराधिकारी होने पर बराबर भाग में तथा उपरोक्त उत्तरजीवी न होने पर वैध उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों को प्राप्त होगा.

1.6 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 सफाई कर्मकार चाहे पुरुष हो या स्त्री, पति या पत्नि में से कोई भी सफाई कर्मकार के रूप में पंजीयन है तो उसे योजना का लाभ प्राप्त होगा.

2.2 किन्तु सार्वजनिक एवं शासकीय संस्थाओं में नियमित रूप से कार्य कर रहे सफाई कर्मकारों की पत्नी को प्रसूति सहायता योजना का लाभ मंडल द्वारा नहीं दिया जावेगा.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

3.1 निर्धारित प्रारूप में आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

3.2 आवेदिका के स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन करने पर.

3.3 आवेदन में असंगठित कर्मकार का पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.

4. **लाभ प्रदाय करने की प्रक्रिया :—** आवेदक के आवेदन के जांच उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा आवेदक के खाते में निर्धारित राशि जमा किया जावेगा.

5. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10-2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

सफाई कर्मकार विवाह योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "सफाई कर्मकार विवाह योजना" होगा.

1.2 योजना के अंतर्गत रुपये 15,000/- प्रति विवाह सहायता देय होगी.

1.3 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 यह योजना महिला सफाई कर्मकार के स्वयं के विवाह अथवा सफाई कर्मकार हिताधिकारी की धर्मज या विधिमान्य गोद ली गई या सौतेली ऐसी पुत्री जिसकी आयु विवाह के समय 18 वर्ष से कम नहीं हो, के लिए लागू होगी.

2.2 पंजीबद्ध महिला कर्मकार के विवाह/एक बार पुनर्विवाह एवं पंजीबद्ध कर्मकार की दो पुत्रियों की सीमा तक लाभ प्राप्त करने की पात्रता होगी.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

3.1 आवेदिका/आवेदक को विवाह के प्रस्तावित तिथि के एक माह पूर्व आवेदन करना होगा.

3.2 आवेदन पत्र में हस्ताक्षर आवेदिका महिला कर्मकार के स्वयं अथवा सफाई कर्मकार की पुत्री के स्वयं का होना चाहिए.

3.3 महिला कर्मकार स्वयं आवेदिका होने पर स्वयं का अथवा आवेदिका हिताधिकारी की पुत्री होने पर पिता/माता के परिचय पत्र का पंजीयन क्रमांक अंकित करना होगा.

3.4 निर्धारित प्रारूप में आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

4. **लाभ प्रदाय करने की प्रक्रिया :—** आवेदक के आवेदन के जांच उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा निर्धारित राशि आवेदक के खाते में जमा करेगा.

5. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10–2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

सफाई कर्मकार कौशल उन्नयन योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "सफाई कर्मकार कौशल उन्नयन योजना" होगा.

1.2 योजना के अंतर्गत असंगठित कर्मकारों सफाई कर्मकारों को समय–समय पर राज्य शासन के तकनीकी शिक्षा विभाग (CSSDA) द्वारा चिन्हांकित व्यवसाय हेतु मण्डल द्वारा पंजीकृत कर्मकारों एवं उनके परिवार को प्रशिक्षण दिया जावेगा.

1.3 योजना के प्रावधान अनुरूप प्रशिक्षण हेतु मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं छत्तीसगढ़ स्टेट स्किल डेव्हलपमेंट मिशन द्वारा अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण की कार्यवाही की जावेगी.

1.4 परिवार के तात्पर्य पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री (समस्त संतान)

1.5 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना का स्वरूप :—**

2.1 पंजीकृत सफाई कर्मकार के कौशल उन्नयन हेतु प्रशिक्षण.

2.2 पंजीकृत सफाई कर्मकार के परिवार के सदस्यों को उनके योग्यता एवं सूची अनुसार प्रशिक्षण दिया जावेगा.

2.3 सफाई कर्मकार यदि स्वयं प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं, तो मंडल द्वारा श्रम विभाग द्वारा अकुशल श्रमिक के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन की दर से प्रतिदिन हेतु मानदेय प्रदाय किया जावेगा.

3. **योजना हेतु पात्रता :—**

3.1 योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु सफाई कर्मकारों का मण्डल में पंजीयन होना आवश्यक होगा.

3.2 यदि कोई व्यक्ति राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से लाभ प्राप्त कर रहा है, तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

3.3 योजना हेतु आयु सीमा 18 से ऊपर होनी चाहिए.

4. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

4.1 आवेदक को स्वयं के हस्ताक्षर से आवेदन करना होगा.

4.2 आवेदन में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल का पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.

4.3 आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

5. **लाभ प्रदाय करने की प्रक्रिया :—**

5.1 संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा आवेदकों को सी.एस.एस.डी.ए. द्वारा पंजीकृत व्ही.टी.पी. के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदाय करवायेगा.

5.2 पंजीकृत व्ही.टी.पी. को शासन द्वारा निर्धारित दर से भुगतान करेगा.

5.3 प्रशिक्षण परिणाम उपरांत आवेदकों को मानदेय उनकी उपस्थिति के आधार पर उनके खाते में राशि जमा किया जावेगा.

6. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10-2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक के बच्चे हेतु छात्रवृत्ति योजना" होगा.

1.2 परिवार की दो संतानों की सीमा के अध्याधीन रहते हुए पंजीकृत कर्मकारों की ऐसी समस्त पुत्र/पुत्री जिन्होंने निम्न लिखित परीक्षाओं में से कोई भी परीक्षा उत्तीर्ण की हों अथवा व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में अर्हता प्राप्त कर संबंधित व्यवसायिक पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर लिया हो.

1.3 प्रत्येक कक्षा व पाठ्यक्रम के समक्ष उल्लेखित "छात्रवृत्ति" राशि एक मुश्त देय होगी :—

क्र.	कक्षावार विवरण	वार्षिक छात्रवृत्ति राशि	
		छात्र	छात्रा
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	कक्षा 1 से 5 तक	500	750
2.	कक्षा 6 वीं से 8 वीं	750	1,000
3.	9वीं से 12वीं	1,000	1,500
4.	स्नातक कक्षा जैसे बी.ए./बी.एस.सी./बी.कॉम/डिप्लोमा आदि	1,500	2,000
5.	स्नातकोत्तर कक्षा जैसे एम. ए./एम. एस. सी./एम. कॉम./ स्नातकोत्तर डिप्लोमा आदि.	2,500	3,000
6.	स्नातक स्तर की व्यावसायिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत होने पर	3,000	4,000
7.	स्नातकोत्तर स्तर की व्यावसायिक परीक्षा में अध्ययन, पी.एच.डी. या शोध कार्य करने पर.	4,000	5,000

1.4 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 पंजीकृत ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिकों के अध्ययनरत दो पुत्र/पुत्रियों को उपरोक्त तालिका अनुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जावेगी.

2.2 यांत्रिकी या चिकित्सा शिक्षा हेतु महाविद्यालय/पॉलीटेक्निक अथवा अन्य पाठ्यक्रम में प्रवेश पश्चात् इस योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति राशि प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं की उस पाठ्यक्रम में न्यूनतम एक वर्ष के अध्ययन की अनिवार्यता होगी, एक वर्ष के बीच सत्र में अध्ययन रोक देने की स्थिति में छात्रवृत्ति की राशि वापस जमा करनी होगी.

2.3 ऐसा छात्र/छात्रा यदि अन्य शासकीय विभाग/संस्था की किसी योजनांतर्गत छात्रवृत्ति राशि प्राप्त करने की पात्रता रखता है तो वह किसी एक योजना का चयन कर सकता है, जो उसके लिए हितकर/लाभप्रद हो, किन्तु किसी भी परिस्थिति में वह दो योजनाओं का एक साथ लाभ नहीं उठा सकता है.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10-2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

ठेका श्रमिक एवं हमाल श्रमिक बाह्य रोगी चिकित्सा सहायता योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "ठेका श्रमिक एवं हमाल श्रमिक बाह्य रोगी चिकित्सा सहायता योजना" होगा.

1.2 पंजीकृत ठेका श्रमिक एवं हमाल श्रमिकों को स्वास्थ्य परीक्षण सहायता राशि रुपये 2,000/- तक चिकित्सा सहायता दवाई की खरीदी हेतु वर्ष में प्रदाय की जावेगी.

1.3 उक्त भुगतान शासकीय चिकित्सालय/औषधालय के चिकित्सक द्वारा प्रमाणित देयक पर (ऐसे देयक उन्हीं दवाओं के लिए होंगे जो शासकीय चिकित्सालय/औषधालय में उपलब्ध नहीं हो) तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के द्वारा अधिकृत समस्त चिकित्सालयों के देयकों पर ठेका श्रमिक एवं हमाल श्रमिकों के बाह्य रोगी स्वास्थ्य परीक्षण हेतु भुगतान किया जावेगा.

1.4 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 18 से 60 वर्ष के ठेका श्रमिक एवं हमाल श्रमिक इस योजना के लिए पात्र होंगे.

2.2 योजना का लाभ राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से प्राप्त कर रहा है, तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

3.1 ठेका श्रमिक एवं हमाल श्रमिक बाह्य रोगी चिकित्सा सहायता हेतु स्वतः द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

3.2 आवेदन पत्र की जांच करने पर सही पाये जाने की स्थिति में संबंधित श्रम कार्यालय द्वारा अनुशंसा कर अनुग्रह राशि आवेदक के खाते में जमा करेगा.

4. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10-2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

घरेलू महिला कामगार सायकल, छतरी, चप्पल/जूता सहायता योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**
   - 1.1 योजना का नाम "घरेलू महिला कामगार सायकल, छतरी, चप्पल/जूता सहायता योजना" होगा.
   - 1.2 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**
   - 2.1 यह योजना महिला कामगार जो प्रदेश के किसी भी जिले में पंजीकृत हो को प्रदाय किया जावेगा.
   - 2.2 योजना का लाभ राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से प्राप्त कर रहा है, तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.
   - 2.3 योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 60 वर्ष वाले हितग्राही पात्र होंगे.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**
   - 3.1 आवेदिका के स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन करने पर.
   - 3.2 आवेदन में असंगठित कर्मकार का पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.
   - 3.3 आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

4. **भुगतान की प्रक्रिया :—**
   - 4.1 संबंधित सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत राशि पात्र हितग्राहियों के स्वयं के खाते में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा.
   - 4.2 सायकल हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रीज डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा निर्धारित दर एवं छतरी, चप्पल/जूता हेतु रुपये 500/- प्रति हितग्राही देय होगा.

5. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10-2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक प्रसूति सहायता योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**
   - 1.1 योजना का नाम "ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक प्रसूति सहायता योजना" होगा.
   - 1.2 योजना के अंतर्गत महिला कर्मकार को गर्भधारण के प्रथम तिमाही (तीसरे माह में) रुपये 4,200/- एवं तृतीय तिमाही (आठवें माह में) रुपये 2,800/- प्रसूति लाभ एवं दो सप्ताह के पितृत्व अवकाश के एवज में रुपये 3,000/- की सहायता पुरुष कर्मकार को बच्चे के जन्म के पश्चात् देय होगी.

1.3 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होगा.

1.4 प्रसूति सहायता योजना अधिकतम दो बार के प्रसव हेतु ही देय होगी.

1.5 प्रसूति के दौरान हिताधिकारी महिला कर्मकार की मृत्यु हो जाने पर उसकी मृत्यु की तिथि तक का प्रसूति सहायता योजना एवं प्रसूति चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति का भुगतान उसके उत्तरजीवी परिवार के सदस्यों पति (पूर्ण राशि) पुत्र/पुत्री एक से अधिक होने पर उत्तराधिकारियों को बराबर भाग में तथा उपरोक्त उत्तरजीवी न होने पर वैध उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों को प्राप्त होगा.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक चाहे पुरुष हो या स्त्री, पति या पत्नि में से कोई भी ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक के रूप में पंजीयन है तो उसे योजना का लाभ प्राप्त होगा.

2.2 किन्तु सार्वजनिक एवं शासकीय संस्थाओं में नियमित रूप से कार्य कर रहे ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिकों अथवा उनकी पत्नी को प्रसूति सहायता योजना का लाभ मंडल द्वारा नहीं दिया जावेगा.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

3.1 निर्धारित प्रारूप में आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

3.2 आवेदिका/आवेदक के स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन करने पर.

3.3 आवेदन में असंगठित कर्मकार का पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.

4. **भुगतान की प्रक्रिया :—**

4.1 संबंधित सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत राशि पात्र हितग्राहियों के स्वयं के खाते में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा.

5. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10-2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक विवाह योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक विवाह योजना" होगा.

1.2 योजना के अंतर्गत रुपये 15,000/- प्रति विवाह सहायता देय होगी.

1.3 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होगा.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 यह योजना महिला ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं महिला हमाल श्रमिक के स्वयं के विवाह अथवा ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं हमाल श्रमिक हिताधिकारी की धर्मज या विधिमान्य गोद ली गई या सौतेली ऐसी पुत्री जिसकी आयु विवाह के समय 18 वर्ष से कम नहीं हो, के लिए लागू होगी.

2.2 पंजीबद्ध महिला कर्मकार के स्वयं के विवाह अथवा एक बार पुनर्विवाह एवं पंजीबद्ध कर्मकार की दो पुत्रियों की सीमा तक लाभ प्राप्त करने की पात्रता होगी.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

3.1 आवेदिका/आवेदक को विवाह के प्रस्तावित तिथि के एक माह पूर्व आवेदन करना होगा.

3.2 आवेदन पत्र में हस्ताक्षर आवेदिका महिला कर्मकार के स्वयं अथवा ठेका श्रमिक, घरेलू महिला कामगार एवं महिला हमाल श्रमिक के स्वयं का होना चाहिए.

3.3 महिला कर्मकार स्वयं आवेदिका होने पर स्वयं का अथवा आवेदिका हिताधिकारी की पुत्री होने पर पिता/माता के परिचय पत्र का पंजीयन क्रमांक अंकित करना होगा.

3.4 निर्धारित प्रारूप में आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

4. **भुगतान की प्रक्रिया :—** संबंधित सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत राशि पात्र हितग्राहियों के स्वयं के खाते में अथवा हिताधिकारी की पुत्री होने पर पिता/माता के खाते में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा.

5. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10-2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

घरेलू महिला कामगार कौशल उन्नयन एवं ठेका श्रमिक, हमाल तथा घरेलू महिला कामगार परिवार सशक्तिकरण योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "महिला कामगार कौशल उन्नयन एवं ठेका श्रमिक, हमाल तथा घरेलू कामगार परिवार सशक्तिकरण योजना" होगा.

1.2 योजना के अंतर्गत घरेलू महिला कामगार को छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा चिन्हांकित व्यवसाय हेतु मण्डल द्वारा पंजीकृत घरेलू महिला कर्मकारों को प्रशिक्षण देय होगा.

1.3 घरेलू महिला कामगार के परिवार के सदस्यों तथा ठेका श्रमिक एवं हमाल श्रमिक के परिवार के सदस्यों को समय-समय पर राज्य शासन के तकनीकी शिक्षा विभाग (CSSDA) द्वारा चिन्हांकित व्यवसाय हेतु प्रशिक्षण दिया जावेगा.

1.4 योजना के प्रावधान अनुरूप प्रशिक्षण हेतु मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एवं छत्तीसगढ़ स्टेट स्किल डेव्लपमेंट अथॉरिटी द्वारा अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण की कार्यवाही की जावेगी.

1.5 परिवार से तात्पर्य पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री (दो संतान तक)

1.6 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना का स्वरूप :—**

2.1 पंजीकृत घरेलू महिला कामगार के कौशल उन्नयन हेतु निम्नांकित प्रशिक्षण देय होगा :—

(i) ब्यूटीशियन (Beautician)
(ii) न्यूट्रीशियन (Nutricion)
(iii) डायटीशियन (Dietition)
(iv) कुकिंग (Cooking)
(v) हास्पीटलिटी (Hospitility)
(vi) हाउस होल्ड (बड़ी, पापड़, आचार आदि बनाना) (Household)
(vii) नर्सिंग (Nursing)
(viii) टेलरिंग (Tailoring)

2.2 ठेका श्रमिक, हमाल श्रमिक तथा घरेलू महिला कामगार के परिवार के सदस्यों को छत्तीसगढ़ स्टेट स्किल डेव्लपमेंट अथॉरिटी द्वारा निर्धारित ट्रेड में आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

3.1 योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु घरेलू महिला कामगार, ठेका श्रमिक, हमाल का मण्डल में पंजीयन होना आवश्यक होगा.

3.2 यदि कोई व्यक्ति राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से लाभ प्राप्त कर रहा है, तो उसे इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

3.3 योजना हेतु आयु सीमा 18 से ऊपर होनी चाहिए.

4. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

4.1 आवेदिका/आवेदक को स्वयं के हस्ताक्षर से आवेदन करना होगा.

4.2 आवेदन में छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल का पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.

4.3 आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

5. **योजना हेतु व्यय :—** प्रशिक्षण के विभिन्न मदों पर होने वाले व्यय छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा वहन किया जावेगा.

6. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

नया रायपुर, दिनांक 11 मार्च 2015

क्रमांक एफ 10-2/2015/16.—असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 3 की उपधारा (4) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा असंगठित कर्मकारों के लिए निम्नानुसार योजना बनाती है :—

हमाल हेतु जूता, हुक एवं महिला हमाल हेतु सूपा और टोकरी सहायता योजना :—

1. **योजना का प्रावधान :—**

1.1 योजना का नाम "हमाल हेतु जूता, हुक एवं महिला हमाल हेतु सूपा और टोकरी सहायता योजना" होगा.

1.2 योजना के प्रावधान अधिसूचना दिनांक से प्रभावशील होंगे.

2. **योजना हेतु पात्रता :—**

2.1 प्रदेश के किसी भी जिले में पंजीकृत असंगठित हमाल कर्मकार को योजना का लाभ प्रदाय किया जावेगा.

2.2 योजना का लाभ राज्य शासन के समानांतर किसी अन्य योजना से प्राप्त कर रहा है, तो इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा.

2.3 योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से 60 वर्ष वाले हितग्राही पात्र होंगे.

3. **योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :—**

3.1 आवेदक/आवेदिका के स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त आवेदन करने पर.

3.2 आवेदन में असंगठित कर्मकार का पंजीयन क्रमांक अंकित किया जाना आवश्यक है.

3.3 आवेदन संबंधित क्षेत्राधिकारिता के सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जावेगा.

4. **भुगतान की प्रक्रिया :—**

4.1 संबंधित सहायक श्रमायुक्त/श्रम पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत राशि पात्र हितग्राहियों के स्वयं के खाते में जमा किया जाना सुनिश्चित किया जावेगा.

4.2 हमाल हेतु जूता, बोरा उठाने का हुक एवं महिला हमालों के लिए सूपा और टोकरी हेतु रुपये 500/- प्रति हितग्राही देय होगा.

5. **विसंगति का निराकरण :—** योजना में यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
याकुब खेस्स, उप-सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 7 मार्च 2015

क्रमांक एफ 7-13/2014/32.—राज्य शासन एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन् 1973) की धारा 23-क की उप धारा (2) के अंतर्गत इस विभाग की समसंख्यक सूचना दिनांक 16-5-2014 द्वारा नया रायपुर विकास योजना 2031 में लोक प्रयोजनार्थ निम्नानुसार भूमि का उपांतरण प्रस्तावित करते हुये दो प्रमुख दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों में लगातार दो दिन प्रकाशित की गई थी :—

नया रायपुर विकास योजना 2031 में उपांतरण प्रस्ताव

क्र.	ग्राम का नाम	खसरा क्र.	रकबा (हेक्टेयर में)	विकास योजना में अंगीकृत प्रस्ताव	अधिनियम की धारा 23-क के तहत उपांतरण के प्रस्ताव
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	रिको, सेक्टर-07	130 (भाग), 207 (भाग), 208 (भाग), 209 (भाग), 210 (भाग), 211 (भाग) एवं 216 (भाग)	2.19	आमोद-प्रमोद	आवासीय

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
2.	चिचा, सेक्टर-07	17 (भाग), 18, 19, 20, 21, 22 (भाग), 23 (भाग), 24 (भाग), 25, 26, 27, 28, 29, 30, 31, 32 (भाग), 33 (भाग), 34 (भाग), 35 (भाग), 42 (भाग), 43 (भाग), 133 (भाग), 148 (भाग), 149 (भाग), 150 (भाग), 160 (भाग), 162 (भाग), 163 (भाग), 164, 165, 166 (भाग), 172 (भाग), 173 (भाग), 352 (भाग), 353 (भाग), 354 (भाग), 355 (भाग) एवं 358 (भाग).	13.01	आमोद-प्रमोद	आवासीय
3.	बरौदा सेक्टर-07	1392 (भाग), 1503 (भाग)	0.89	आमोद-प्रमोद	आवासीय
4.	बरोदा, सेक्टर-15	1432 (भाग), 1439 (भाग), 1500 (भाग), 1517 (भाग), 1524 (भाग), 1526 (भाग), 1527, 1528, 1529 (भाग), 1530 (भाग), 1531 (भाग), 1532 (भाग), 1533 (भाग), 1534 (भाग), 1506 (भाग), 1625 (भाग), 1626 (भाग), 1627 (भाग), 1628 (भाग), 1764 (भाग), 1765 (भाग), 1766 (भाग), 1767 (भाग), 1788 (भाग), 1769 (भाग), 1770, 1771 (भाग), 1772 (भाग) 1793 (भाग), 1794 (भाग), 1795 (भाग), 1805 (भाग), 1806 (भाग), 1811 (भाग), 1812 (भाग), 1813 (भाग) एवं 1815 (भाग).	11.78	आमोद प्रमोद	आवासीय
5.	बरोदा सेक्टर-21	1960 (भाग), 1961 (भाग), 1962 (भाग,) 1963, 1964 (भाग), 1965 (भाग), 1966 (भाग), 1967 (भाग), 1970 (भाग), 1959 (भाग), 1958 (भाग), 1957 (भाग), 1956 (भाग), 1955 (भाग), 1950 (भाग), 1949 (भाग), 1948 (भाग), 1947 (भाग), 1946 (भाग), 1940 (भाग), 1939 (भाग), 1938 (भाग), 1937 (भाग), 1936 (भाग), 1935 (भाग), 1934 (भाग), 1933 (भाग), 1932 (भाग), 1931 (भाग), 1930 (भाग), 1924 (भाग), 1923 (भाग), 1922 (भाग), 1921 (भाग), 1916 (भाग), 1915 (भाग).	7.13	आमोद-प्रमोद	आवासीय
6.	तूता सेक्टर-21	305/5, 305/6 (भाग), 278 (भाग), 280 (भाग)	0.66	आमोद प्रमोद	आवासीय
7.	राखी सेक्टर-25	390 (भाग), 429 (भाग), 461 (भाग), 462 (भाग), 463 (भाग), 464 (भाग), 465 (भाग), 466 (भाग), 468 (भाग), 469 (भाग), 470 (भाग), 471 (भाग), 472 (भाग), 473 (भाग), 475 (भाग), 476 (भाग), 477 (भाग), 482 (भाग), 452 (भाग), 453 (भाग), 454 (भाग), 455 (भाग), 456 (भाग), 457 (भाग), 458 (भाग), 459 (भाग), 460 (भाग).	23.35	आमोद प्रमोद	आवासीय
8.	झाझ सेक्टर-25	101 (भाग), 247 (भाग), 248 (भाग), 249 (भाग), 250 (भाग), 251 (भाग), 269(भाग), 270 (भाग), 271 (भाग), 272(भाग), 273(भाग), 279(भाग), 313/374 (भाग), 327 (भाग), 330 (भाग), 331 (भाग), 332 (भाग), 333 (भाग), 334 (भाग), 335 (भाग), 336, 337, 338, 339/377, 340, 341 (भाग), 342 (भाग), 343, 344 (भाग), 345 (भाग).	11.41	आमोद प्रमोद	आवासीय

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
9.	झाझ सेक्टर-28	302 (भाग), 303 (भाग), 304, 305, 306, 307 (भाग), 308 (भाग), 309 (भाग), 334 (भाग), 354 (भाग), 357 (भाग), 364 (भाग).	1.09	आमोद प्रमोद	आवासीय
10.	नवागांव सेक्टर-28	99 (भाग), 101 (भाग), 113 (भाग), 114 (भाग), 117 (भाग), 118 (भाग), 119, 120, 121, 122, 123 (भाग), 124 (भाग), 125 (भाग), 126 (भाग), 127 (भाग), 181 (भाग), 413 (भाग), 414 (भाग), 415 (भाग), 417(भाग), 418 (भाग), 420 (भाग), 423 (भाग), 424 (भाग), 425 (भाग), 428 (भाग).	9.66	आमोद प्रमोद	आवासीय

2. सूचना में उल्लेखित निश्चित समयावधि के भीतर प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् विचारोपरांत राज्य शासन एतद्द्वारा नया रायपुर विकास योजना 2031 में उपरोक्त उपांतरण की पुष्टि करता है. उक्त उपांतरण नया रायपुर विकास योजना 2031 का अंगीकृत भाग होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रेजीना टोप्पो, संयुक्त सचिव.

ऊर्जा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 28 फरवरी 2015

क्रमांक एफ 1-9/2008/13/1.—छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के अंतर्नियम की कंडिका 77 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य शासन श्री अंकित आनंद (भारतीय प्रशासनिक सेवा) को संचालक, छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित के पद पर तत्काल प्रभाव से नियुक्त करता है.

2. श्री सुबोध कुमार सिंह (भारतीय प्रशासनिक सेवा), प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित को अंतर्नियम की कंडिका 77 (iv) के अंतर्गत इस कंपनी के प्रबंध संचालक एवं संचालक के पद से पदमुक्त किया जाता है.

3. श्री अंकित आनंद (भाप्रसे), उपरोक्त कंपनी के संचालक, को अंतर्नियम की कंडिका 78 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए राज्य शासन आगामी आदेश तक उपरोक्त विद्युत कंपनी का प्रबंध संचालक नियुक्त करता है.

4. नियुक्ति की सेवा शर्तें पृथक से जारी की जावेगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. एस. गुर्जर, अवर सचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

रायपुर, दिनांक 23 मार्च 2015

क्रमांक/257/भू-अर्जन/2015.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 12 द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन					धारा 11 के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल			
			खसरा नं.	रकबा (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)		(5)	(6)
